विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2019/1462 दिनांक :- 12-06-19

(स्मरण-पत्र)

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र।

विषय :- वाणिज्य अध्ययनमण्डल के गठन हेतु वाणिज्य विषय के विभागाध्यक्षों की जानकारी विषयक।
संदर्भ :- पत्र क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2019/866,दिनांक 18.04.2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में पुनः निवेदन है कि,वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत गठित वाणिज्य विषय के नवीन अध्ययनमण्डल का गठन किया जाना है।

म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियिम की धारा 28(2) दो एवं 28(चार) के प्रावधानानुसार अध्ययनमण्डलों में क्रमशः स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों के महाविद्यालय में कार्यरत विभागाध्यक्षों का मनोनयन ज्येष्ठतानुसार चक्रानुक्रम से करने का प्रावधान है। इस कार्य के लिए महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले वाणिज्य विषय विभाग के विभागाध्यक्ष की सूची संबंधित महाविद्यालय से प्राप्त की जानी है।

अतएव आपसे पुनःअनुरोध है कि, आपके महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले वाणिज्य विषय विभाग के विभागाध्यक्ष की जानकारी निम्नांकित प्रारूप में टंकित करवाकर भेजने का कष्ट करें :-

क्रमांक	विषय	विभागाध्यक्ष का नाम	विभागाध्यक्ष की नियुक्ति दिनांक		विभागाध्यक्ष का मूल पद
			स्नातक स्तर अ	स्नातकोत्तर स्तर ब	
1	2	3	4		5

यहाँ उल्लेख करना आवश्यक है कि, आपके महाविद्यालय से वांछित जानकारी प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपके महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों को वाणिज्य अध्ययनबोर्ड में मनोनयन की पात्रता होने पर भी वांचित रहने की संभावना रहेगी, ऐसी स्थिति में इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

अतएव आपसे पुनः अनुरोध है कि, व्यक्तिगत रूचि लेकर कृपया उक्त जानकारी विश्वविद्यालय कार्यालय में दिनांक 10 जून 2019 तक आवश्यक रूप से भेजने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ज्येष्ठता सूची वर्ष 2019 में विभागाध्यक्ष का नाम होना अनिवार्य है। **इसके पश्चात प्राप्त जानकारी को अध्ययनबोर्ड के गठन में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा। इसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2019/1463 दिनांक :- 12-06-19

प्रतिलिपि

01. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)

Dextop/P.Meeting/461